m no. 111

App -A

crim -1

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी मुकाम तालेडा जिला बून्दी

एकदारा अगमबाव साहब बडगांव ........ बनाम ........ सरकार ........

किस्म मुकदमा:— 111,128 LRAct नं. 386 / प्रा0पत्र / सत्र / 2025

| तारीख हुकम | हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्य जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10/6/25 | प्रार्थना पत्र सरिस्ते से रिपोर्ट होकर पेश हुआ। प्रार्थी मय वकील उपस्थित है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जावे। अप्रार्थीगण को जर्ये सम्मन तलब किया जावे। पत्रावली दिनांक 17/6/25 को पेश हो। | |
| 17/6/25 | पत्रावली पेश हुई। तामिल रिपोर्ट व TDR रिपोर्ट अप्राप्त वास्ते इंतजार तलबी व Report TDR हेतु पत्रावली दिनांक 1/7/25 को पेश हो। | |
| 1/7/25 | ...वली पेश हुई अभिभाषक उभय पक्ष उपस्थित है। आज श्रीमान ...उपखण्ड अधिकारी राज्य कार्यवश बाहर दौरे में तशरीफ रखते है। ...न्य कार्य में व्यस्त है। अभिभाषकगण कन्डोलेन्स पर है। अतः ...पत्रावली साबिक कार्यवाही हेतु दिनांक 10/7/25 को पेश हो | |
| 10/7/25 | वकील [illegible] उप. / TDR रिपोर्ट प्राप्त / जवाब पैरोकार सरकार पेश किया / बहस प्रा. पत्र सुनी गई / पत्रावली वास्ते आदेश दि. 15/7/25 को पेश हो / | |
| 15/7/2025 | पत्रावली आज वास्ते आदेश पेश हुई। प्रा0पत्र प्रार्थी न्यायोचित प्रतीत होने से स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर प्रा0नि0 किया। | |



Scanned with OKEN Scanner

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
| --- | --- |
| | गया। निर्णय खुले न्यायालय सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तामील तकमील नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो। [illegible] |

Scanned with OKEN Scanner

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी तालेड़ा जिला (बून्दी)

## पीठासीन अधिकारी श्रीमती हरबिन्दर डी. सिंह R.A.S

| मिसल नं0 | तारीख दायरा | तारीख फैसला |
|---|---|---|
| 386/प्रा0पत्र/2025 | 10.06.2025 | 15.07.2025 |

गुरूद्वारा अगमगढ़ साहब बड़गावं जर्ये बलवेन्दर सिंह उम्र वयस्क पुत्र श्री फकीर सिंह जाति जट सिक्ख निवासी गुरूद्वारा बड़गाव बून्दी रोड़ कोटा तहसील लाडपुरा जिला कोटा राजस्थान।

–प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जयें तहसीलदार तहसील तालेडा जिला बून्दी राजस्थान।

–अप्रार्थी

उपस्थित अभिभाषक

अधिवक्ता प्रार्थीः– श्री अखिलेश जैन

अधिवक्ता अप्रार्थीगणः– पेरोकार सरकार

**– : : निर्णय : : –**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा– 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 भू–राजस्व अधिनियम के संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी की खातेदारी अधिकार की कृषि भूमि खसरा सं. 238/133 रकबा 0.3642 हैक्टयर, खसरा संख्या 87 रकबा 0.0809 हैक्टेयर खसरा संख्या 94 रकबा 0.1700 हैक्टेयर खसरा सं. 222/59 रकबा 0.8417 हैक्टेयर खसरा सं. 235/132 रकबा 0.3642 हैक्टेयर खसरा सं 60 रकबा 0.0486 हैक्टेयर वाके ग्राम बालापुरा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी राजस्थान में विस्थित है जो वर्तमान जमाबंदी में प्रार्थी की खातेदारी में दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि पर प्रार्थी काबिज काश्त है। प्रार्थी उपरोक्त आराजी पर तारबन्दी करवाना चाहते है। जिसके लिए उक्त भूमि पर तहसीलदार तालेड़ा से सीमाज्ञान करवाया। प्रार्थी का कथन है कि प्रार्थी की भूमि का औपचारिक रूप से सीमाज्ञान किया गया है इसलिए प्रार्थी की उपरोक्त भूमि पर पत्थरगढ़ी तहसीलदार तालेडा से करवाई जाने बाबत आदेशित किया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है। उक्त आराजीयात माननीय न्यायालय के अधिकार क्षेत्र मे स्थित होने से माननीय न्यायालय को प्रार्थना पत्र का श्रवणाधिकार क्षेत्राधिकार प्राप्त है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है के प्रार्थी की खातेदारी अधिकार की कृषि भूमि खसरा संख्या 238/133 रकबा 0.3642 हैक्टयर, खसरा संख्या 87 रकबा 0.0809 हैंक्टेयर, खसरा संख्या 94 रकबा 0.1700 हैक्टेयर, खसरा सं 222/59 रकबा 0.8417 हैक्टेयर, खसरा सं. 235/132 रकबा 0.3642 हैक्टेयर, खसरा स. 60 रकबा 0.0486 हैक्टेयर वाके ग्राम बालापुरा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी राजस्थान की मौके पर पत्थरगढी फराये जाने का आदेश तहसीलदार तालेडा को दिये जाने की कृपा करे।

प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जरिये सम्मन तलब किया गया।

अप्रार्थी तहसीलदार तालेडा द्वारा दिनांक 27.6.2025 से रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि प्रार्थना पत्र में वर्णित कृषि भूमि पर प्रार्थी का कब्जा काश्त होना एवं भूमि का रिकॉर्डड खातेदार होना अंकित किया गया साथ ही प्रार्थी की कृषि भूमि पर किसी भी न्यायालय में स्थगन एवं वाद दायर नही होना अंकित किया।

साक्ष्य में प्रार्थी की और से नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 70 नया 76 वाके ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल कैथुदा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 एवं नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 48 नया 50 वाके ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल कैथुदा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 की प्रति एवं सीमाज्ञान रिपोर्ट की छायाप्रति पेश की।

बहस प्रार्थी अधिवक्ता सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली में संलग्न साक्ष्य दस्तावेज नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 70 नया 76 वाके ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल कैथुदा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 एवं नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 48 नया 50 वाके ग्राम बालापुरा पटवार

Scanned with OKEN Scanner

ण्डल कैथुदा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 में प्रार्थी खातेदार दर्ज रिकार्ड है जो कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि है, जिस पर प्रार्थी को नियमानुसार पत्थर गढी करवाने का कानूनन अधिकार प्राप्त है।

**आदेश**

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार तालेड़ा को आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी से नियमानुसार पत्थरगढी का शुल्क राजकोष में जमा करवाकर प्रार्थी की उपस्थिति में वाद वर्णित खतौनी संख्या पुरानी 70 नया 76 वाके ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल कैथुदा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 एवं नकल जमाबन्दी खतौनी संख्या पुरानी 48 नया 50 वाके ग्राम बालापुरा पटवार मण्डल कैथुदा तहसील तालेड़ा जिला बून्दी संवत् 2076 की पत्थरगढी की जावे। वाद वर्णित आराजी पर यदि किसी न्यायालय में स्थगन अथवा भूमि विवादित हो तो नियमानुसार कार्यवाही करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तामील तकमील नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

यह निर्णय आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर सरेइजलास सुनाया गया।

**(हरबिन्दर डी. सिंह)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**तालेडा**

Scanned with OKEN Scanner